अजय कुमार आजाद, अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मोतिहारी द्वारा दिनांक–29.12.2023 को पथ प्रमंडल, बेतिया अंतर्गत इण्डो–नेपाल बॉर्डर रोड प्रोजेक्ट का निरीक्षण प्रतिवेदन।

पैकेज सं0–01 के उपस्थित पदाधिकारी का नाम –

1. श्री रामचन्द्र बैठा, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, बगहा।
2. श्री दीपक कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया।
3. मो0 एहतेशाम अंसारी, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया।
4. श्री अनिल कुमार, संवेदक के अभियंता।

पैकेज सं0–02 के उपस्थित पदाधिकारी का नाम –

1. श्री संजीव कुमार, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल सं0–01, बेतिया।
2. श्री जय मंगल प्रसाद, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया।
3. श्री राजेश कुमार, संवेदक के अभियंता।
4. श्री अवनीश पाठक, संवेदक के प्रतिनिधि।

1. इण्डो–नेपाल बॉडर रोड प्रोजेक्ट के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 26.50 (पैकेज सं0–01)

इस पथ की लंबाई 26.50 कि0मी0 है। पथ निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि पथ के लगभग 22.00 कि0मी0 में E/W का कार्य, 17.00 कि0मी0 में GSB का कार्य, 9.00 कि0मी0 में WMM का कार्य किया हुआ पाया गया। पथ के अन्य पथांश में E/W एवं GSB का कार्य होते हुए पाया गया। पथ के विभिन्न चैनेजो में Box Culvert एवं HP Culvert का कार्य प्रगति में पाया गया। पथ में Bituminous का कार्य नहीं किया हुआ पाया गया, जिसके संबंध में स्थल पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं संवेदक के अभियंता को Bituminous कार्य शीघ्र प्रारंभ करने, साथ ही अन्य पथांश में बचे हुए कार्य में तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया। इस संबंध में संवेदक उज्जैन इंजिकॉन इंडिया प्रा0 लि0 के प्रतिनिधि/अभियंता द्वारा बताया गया कि लौरिया–रामनगर पथ के 13वे से 14वे कि0मी0 के बीच में Hot Mix Plant के Installation का कार्य किया जा रहा है। 10 से 15 दिनों में पूरा हो जायेगा। तत्पश्चात् Bituminous कार्य तीव्र गति से शुरू कर दिया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी निरीक्षण के दौरान देखा गया कि Hot Mix Plant का Installation का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

2. इण्डो–नेपाल बॉडर रोड प्रोजेक्ट के कि0मी0 26.50 से कि0मी0 54.95 (पैकेज सं0–02)

इस पथ की लंबाई 28.45 कि0मी0 है। पथ निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि पथ के लगभग 27.00 कि0मी0 में E/W का कार्य, 24.00 कि0मी0 में GSB का कार्य, 24.00 कि0मी0 में WMM का कार्य, लगभग 3.00 कि0मी0 में SDBC का कार्य किया हुआ पाया गया। पथ के विभिन्न कि0मी0 में Box Culvert एवं HP Culvert का कार्य प्रगति में पाया गया। किये गए WMM कार्य सतह पर शीघ्र Bituminous कार्य करने एवं शेष बचे हुए कार्य में तेजी लाने हेतु स्थल पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं संवेदक के अभियंता/प्रतिनिधि को निदेशित किया गया।

विदित हो कि उक्त दोनो पैकेजो का कार्य एक ही संवेदक उज्जैन इंजिकॉन इंडिया प्रा0 लि0 द्वारा किया जा रहा है। स्थल पर उपस्थित संवेदक के प्रतिनिधि/अभियंता को निदेशित किया गया कि Hot Mix Plant का Installation कार्य पूर्ण होते ही दोनो पैकेजो के Bituminous कार्य शीघ्र कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–

अधीक्षण अभियंता

पथ अंचल, मोतिहारी।

ज्ञापांक– 1070 दिनांक– 30.12.23

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

30.12.23

अधीक्षण अभियंता

पथ अंचल, मोतिहारी।